हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 प्रदेश में 12वीं की भव्या ने कॉमर्स में नौवां, साइंस में ...




07 नगर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्स



## खबर संक्षेप

### नलखेड़ा की भावना चौधरी का सुयश



**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में कमला सागर विद्यालय नलखेड़ा की छात्रा कुमारी भावना चौधरी ने वर्ष 2024 में कक्षा आठवीं की परीक्षा में 85% अंक प्राप्त कर कमला सागर विद्यालय एवं चौधरी परिवार का नाम रोशन किया इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों परिवार जनों एवं विद्यालय परिवार द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी गई।

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में श्रद्धा का सुयश



**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। इसमें यूनिक पब्लिक स्कूल नलखेड़ा की छात्रा श्रद्धा अखिलेश नीमा ने कक्षा 12वीं कॉमर्स मैं 89.4% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल एवं परिवार का नाम गौरान्वित किया है। छात्रा को इष्ट मित्रों तथा परिवार जनों द्वारा बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### बीएजी की बैठक 26 को सुसनेर में होगी

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में नैतिक एवं निष्पक्ष मतदान तथा मतदाताओं को जागरूक किये जाने हेतु बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक 26 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से कार्यालय जनपद पंचायत सुसनेर में आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें।

### बीएलओ का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत में

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166, आगर संसदीय क्षेत्र देवास अन्तर्गत दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से घर-घर मतदान, मतदाता पर्ची वितरण, एएसडीआर सूची तैयार करने के संबंध में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) का प्रशिक्षण गुरुवार को जिला पंचायत प्रशिक्षण हॉल में आयोजित होगा। तहसील बड़ौद के समस्त बीएलओ को प्रातः 11:00 बजे से एवं तहसील आगर के समस्त बीएलओ को प्रातः 12:00 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जीजा को देखने जा रहे साले की दुर्घटना में मौत

**सीहोर।** सीहोर-भैरूंदा रोड पर सोमवार को हादसा हो गया। सुनील पिता महेश माहेश्वरी बीमार जीजा को देखने भैरूंदा जा रहा था। रास्ते में बड़ नगर मोड़ पर डंपर ने टक्कर मार दी। उसे भैरूंदा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### भोपाल लोकसभा के लिए चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

# प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कुल 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा में कुल 223671 मतदाता हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रुबल अग्रवाल (आईएएस) ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों से अवगत कराया।

सामान्य प्रेक्षक सुश्री अग्रवाल ने मतदान दिवस पर मतदाताओं के सुविधाजनक मतदान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सी-विजिल में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों के निराकरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सीहोर विधानसभा में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में बताया कि कुल 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा में कुल 223671 मतदाता हैं। सीहोर विधानसभा के तहत 5 एफएसटी तथा 5 एसएसटी दल निरंतर कार्य कर रहे है। सी विजिल पर 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका समय सीमा में निराकरण किया गया। एसपी मयंक अवस्थी ने चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस द्वारा चेकिंग, अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान के दौरान बल की आवश्यकता एवं उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी ने जिले में चल रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। एसडीएम तन्मय वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से सीहोर विधानसभा की तैयारियों से अवगत कराया। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, डीआईओ संजय जोशी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कंट्रोल रूम एवं पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक रुबल अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### भोपाल संसदीय क्षेत्र की प्रेक्षक ने किया स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रुबल अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान प्रेक्षक अग्रवाल ने ईवीएम वितरण, ईवीएम वापसी, सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, बेरीकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने चुनाव आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सीहोर जिले को 5वीं में प्रदेश में सातवां और कक्षा 8वीं में चौथा स्थान मिला

### कक्षा पांचवीं और आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में कक्षा पांचवी और आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। सीहोर जिले का पांचवीं कक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान जबकि कक्षा आठवीं में सीहोर जिले का चौथा स्थान प्राप्त किया है। डीपीसी आरआर ऊईके ने बताया कि सीहोर ज़िले का प्रदेश में अच्छा परीक्षा परिणाम आया है। सीहोर जिले का पांचवी कक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया जिसमें 97.56% प्रतिशत छात्र उतीर्ण हुए तथा ए+ ग्रेडिंग में सीहोर ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें 33.69% अंक प्राप्त किया। वही कक्षा आठवीं में सीहोर जिले का चौथा स्थान प्राप्त किया जिसमें 96.10% अंक प्राप्त किया। ए+ ग्रेडिंग में सीहोर का स्थान दूसरा रहा जिसमें 44.02% अंक प्राप्त हुए।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गए नोटराइज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है। तो एक हजार रुपए स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# 150 रुपए में सभी राउंड के रजिस्ट्रेशन, 50 रुपए पोर्टल चार्ज अलग, पहले लगते थे 100

### कॉलेज जाने वालों के लिए खुश खबर, यूजी और पीजी की कक्षाओं में समय पर मिलेगा एडमिशन, गाइडलाइन जारी

**सीहोर।** 12वीं की परीक्षा देने वालों के लिए अच्छी खबर है कि इस बार लोस चुनाव के कारण उनका रिजल्ट भी जल्दी आएगा। इसकी तैयारी माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कर ली है। लेकिन अभी तिथि तय नहीं है। इस साल उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में यूजी और पीजी की कक्षाओं के लिए समय पर एडमिशन करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को ऑनलाइन एडमिशन की काउंसलिंग का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इस बार ऑनलाइन एडमिशन रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थियों को पिछले साल से ज्यादा फीस चुकानी पड़ेगी। अब पहले और दूसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 150 रुपए तय की गई है। पहले चरण में छात्राओं को रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देना होगी। हालांकि दूसरे चरण और सीएलसी के चरण में छात्रों के साथ-साथ छात्राओं को भी 150 रुपए शुल्क चुकाना होगा। इसके साथ ही 50 रुपए पोर्टल चार्ज अतिरिक्त देना होगा। जबकि पिछले साल तक सत्र के पहले राउंड में 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस थी। वहीं सीएलसी राउंड में पिछले साल 500 रुपए फीस थी। इस बार सीएलसी में भी 150 रुपए में रजिस्ट्रेशन होंगे। जरूरत पड़ने पर सीएलसी के विशेष राउंड आयोजित किए जा सकते हैं। इस बार रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ एकेडमिक कैलेंडर जारी नहीं किया गया है।

**ऐसा भी होगा... स्कूलों में जाएंगे कॉलेजों के शिक्षक** : हायर सेकंडरी का रिजल्ट आने के बाद कॉलेजों के शिक्षक सरकारी स्कूलों में जाएंगे और विद्यार्थियों को बताएंगे कि किस तरह कॉलेज में कौन से कोर्स संचालित किए जाते हैं और किस कोर्स से कॅरियर सही दिशा में जाएगा। इस दौरान स्कूलों में बच्चों की स्कूल के शिक्षक भी कॅरियर काउंसलिंग करेंगे।

**अब 15 की जगह च्वाइस में सिर्फ 10 कॉलेज** : इस बार ऑनलाइन एडमिशन के लिए कॉलेजों की चॉइस भरने की संख्या सीमित की गई है। परंपरागत यूजी-पीजी के लिए पिछली बार तक 15 और एनसीटीई के लिए भी कॉलेज की चॉइस दर्ज कर सकते थे, लेकिन अब सिर्फ 10 कॉलेज की ही चॉइस दर्ज कर सकेंगे, वहीं हटाए गए शेड्यूल के अनुसार यूजी यूजी में 1 मई और पीजी में 2 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। बीएड सहित एनसीटीई कोर्सेस के लिए 5 मई से रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शेड्यूल दोबारा से जारी किया जाएगा।



### काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया, फिर हटा दिया

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के सरकारी और निजी कॉलेजों में सत्र 2024-25 के अंतर्गत एडमिशन देने के लिए गाइडलाइन और काउंसलिंग शेड्यूल तैयार कर लिया है। एक दिन पहले शुक्रवार को कुछ समय के लिए गाइडलाइन और काउंसलिंग शेड्यूल जारी किए गए, लेकिन 2 घंटे बाद ही हटा दिए गए थे। शाम को फिर से शेड्यूल हटाकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। विभाग ने अंडर जएट (यूजी) और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्सेस के साथ एनसीटीई से अप्रूव्ड कोर्स के लिए गाइडलाइन जारी की है।

### अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी

प्रोफिशिएंसी और स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया से पहले कॉलेजों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 16 अप्रैल तक का समय दिया था। यह तारीख निकल चुकी है, लेकिन जो तकनीकी वजह से प्रोफाइल अपडेट नहीं कर पाए हैं ऐसे कॉलेजों को तारीख आगे बढ़ने की आस है। अगर तारीख आगे नहीं बढ़ी तो यह कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। इस बार उच्च शिक्षा विभाग हर हाल में अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में है।

### प्रोफिशिएंसी और स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म

एनसीटीई से फिजिकल एजुकेशन संबंधी कोर्स बीपीएड, एमपीएड में उम्मीदवारों के प्रोफिशिएंसी व स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म कर दी है। पिछले सत्र तक बीपीएड में फिटनेस प्रोफिशिएंसी व एमपीएड के लिए स्किल टेस्ट होता था। इसके 50 अंक होते थे, लेकिन इसमें गड़बड़ी की संभावना बनी रहती थी। अब स्टूडेंट्स को सिर्फ क्वालीफाइंग एक्जाम के प्राप्तांक और विभिन्न वेटेज के आधार पर बनी मेरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेंगे।

### छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक संपन्न

# छात्रवृत्ति योजना को अभियान के रूप में लेकर कार्य पूर्ण करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अजा व अजजा वर्ग कक्षा 9 से 12 तक की वर्ष 2022-23 व 2023-24 की छात्रवृत्ति का एमपी टॉस पोर्टल पर पंजीयन, इकेवायसी, सत्यापन, स्वीकृति के संबंध में एक अत्यावश्यक बैठक का आयोजन जनपद पंचायत के सभागार में किया गया। बुधवार को आयोजित की गई बैठक में समस्त शासकीय अशासकीय उमावि,हाई स्कूल के प्राचार्य उपस्थित हुए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा ने निर्देश दिए कि शासन की छात्र हितेषी योजनाओ में छात्रवृत्ति महत्वपूर्ण योजना है। इस कार्य को आगामी तीन दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण करना है। इसे अभियान के रूप में लेकर पूर्ण करे ।अन्यथा उचित कार्यवाही हेतु तैयार रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जप राधाकृष्ण बख्तरिया ने कहा कि समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने से जिले की छबि खराब हो रही है। प्रत्येक विद्यालय से चर्चा कर कार्य की समीक्षा की गई।कुछ विद्यालय का कार्य संतोषजनक पाया गया वही कुछ ने कार्य प्रारंभ ही नही किया। उन्होंने कहा कि समय सीमा में कार्य पूर्ण कर प्रतिदिन की प्रगति विकास खंड शिक्षा अधिकारी को सायं 4 बजे तक दे। कार्य नही करने वाले प्राचार्य कार्यवाही के लिये तैयार रहे। अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यो को भी विशेष रूप से सावधान किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ,विकास खंड स्त्रोत समन्वयक ,अकादमिक समन्वयक, जनशिक्षक उपस्थित थे।

### हरिभूमि द्वारा लगातार मामला उठाने के बाद जागा प्रशासन

# लखुंदर नदी की खस्ताहाल बड़ी पुलिया की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासकीय विभागों को कुम्भकरणी नींद से जगाना काफी टेडी खीर माना जाता है। ऐसा ही मामला नगर में स्थित लखुंदर नदी पर निर्मित बड़ी पुलिया जोकि 60 वर्षों से भी अधिक पुरानी होकर खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। इस संबंध में हरिभूमि द्वारा लगातार समाचारों का प्रकाशन कर संबंधित सेतु विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया गया था। जिसके उपरांत गत वर्ष सितंबर माह में विभाग के अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के उपरांत अब सात माह बाद पुलिया की निचली सतह के दुरुस्तीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ है। नगर में स्थित लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया जोकि लगभग 60 वर्ष से अधिक समय पूर्व निर्मित हुई थी। रखरखाव के अभाव में यह खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। पुलिया की निचली सतह में कई स्थानों से स्लैब के सरिये बाहर निकल चुके है। रेलिंग का प्लेटफार्म कई स्थानों से टूट चुका है जिसके कारण रेलिंग नदी में झूलती प्रतीत हो रही है।





जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं देना बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है

**लखुंदर नदी पर बनी 60 वर्ष पुरानी पुलिया रख-रखाव के अभाव में जर्जर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के समीप बहने वाली लखुंदर नदी पर आमला-नलखेड़ा मार्ग पर बनी पुलिया रखरखाव के अभाव में खस्ताहाल हो चुकी है। पुलिया की ऊपरी सतह पर जहाँ गड्ढे ही गड्ढे हो गए है वही नीचे की सतह से स्लैब में से सरिए बाहर निकल रहे है। समाचार प्रकाशन के माध्यम से लगातार ध्यान आकृष्ट करने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही देना कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। नलखेड़ा नगर को मप्र के प्रमुख शहरों एवं राजस्थान के साथ जोड़ने वाले मार्ग आमला-नलखेड़ा मार्ग पर नगर के समीप स्थित लखुंदर नदी पर लगभग 60 वर्ष पूर्व एक बड़ी पुलिया का निर्माण किया गया था। विगत 60 वर्षो से आवागमन का भार सहने वाली इस पुलिया के रखरखाव का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम पर है। लेकिन इतने वर्षों बाद भी संबंधित विभाग द्वारा औपचारिकता निभाने के सिवाय किसी भी प्रकार का रखरखाव नही किया गया है। वर्तमान समय मे पुलिया की स्थिति बेहद खस्ताहाल हो गई है। इसकी ऊपरी सतह पर गड्ढे ही गड्ढे हो रहे है जिन पर संबंधित विभाग समाचारों के प्रकाशन के बाद वर्ष में एक दो बार भ्रष्टाचार की परत चढ़ा देता है। पुलिया के दोनों किनारों पर लगी लोहे की रेलिंग कई स्थानों पर सड़ चुकी है वही जिस आधार पर रेलिंग लगाई हुई है वह कई स्थानों से टूट कर अलग हो गया है जिसके कारण उन स्थानों पर रेलिंग हवा में झूलती दिखाई दे रही है। राहगीरों व वाहनों की सुरक्षा के लिए लगी यह रेलिंग स्वयं ही अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है। खुश किस्मती है कि अभी तक कोई भी दुर्घटना इस प्रकार की नही हुई है कि उन्हें इस रेलिंग के सहारे की आवश्यकता पड़ी हो अन्यथा सम्बंधित दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति रेलिंग सहित नीचे नदी में पहुंच सकता है। कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशन के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा ना तो रेलिंग और ना ही उसके आधार की मरम्मत का कार्य किया गया है। सबसे चिंताजनक स्थिति पुलिया की निचली सतह की है जो किसी को दिखाई नही देती है। इसके स्लैब की निचली सतह लगातार उखड़ती जा रही है जिसके कारण इसके सरिए भी बाहर आना प्रारम्भ हो चुके है। यह पुलिया को कमजोर करने के साथ खतरनाक स्थिति में पहुंचाने में सहायक है। लगातार निचली सतह उखड़ने से पुलिया कमजोर होती जा रही है जिसके कारण वर्तमान में एक छोटा चौपहिया वाहन भी पुलिया पर से गुजरता है तो पूरी पुलिया अत्यधिक कम्पन्न कर रही है। सन 1960 से 1965 के मध्य निर्मित इस पुलिया की उम्र लगभग 60 वर्ष हो चुकी है। ऐसे में इतनी पुरानी पुलिया का सम्पूर्ण रखरखाव बेहद आवश्यक हो गया है जिससे इसकी उम्र कुछ वर्ष और बढ़ सके। अन्यथा आने वाले कुछ वर्षों में इसकी निचली सतह से स्लैब कभी भी धराशाही हो सकता है। जो कि किसी बड़ी दुर्घटना अथवा जान माल की हानि का कारण बन सकता है।

**विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ पर पहुंचने का एकमात्र मार्ग**

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचने का यह एकमात्र मार्ग है। जहाँ उक्त पुलिया पर से ही गुजरकर पहुंचा जा सकता है। ऐसे में यदि पुलिया का रखरखाव नही किया गया और इसका कोई हिस्सा धराशाही हो गया तो नलखेड़ा नगर का शेष दुनिया से संपर्क टूट सकता है। साथ ही देश भर के साथ ही अन्य देशों से सिद्धपीठ पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**रिपेयरिंग कार्य होगा**

नलखेड़ा की बड़ी पुलिया को बने हुए काफी वर्ष हो चुके है। वर्तमान में पुलिया के रिपेयरिंग कार्य अवलोकन हेतु टीम भेजी जावेगी संभव हुआ तो इसका रिपेयरिंग कार्य करवाया जाएगा।

जेड. बी. मिर्जा, अनुविभागीय अधिकारी सेतु निगम उप संभाग शाजापुर

पुलिया की ऊपरी सतह में बड़े बड़े गड्ढे हो रहे है। जिनके संबंध में समाचार का प्रकाशन करने के बाद विभाग द्वारा मुरम, मिट्टी और कभी कभी डामर भर दिया जाता है। पुलिया की खस्ताहाल स्थिति को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार समाचारों का प्रकाशन किया गया। जिसके उपरांत गत वर्ष सितंबर माह में सेतु विभाग के अधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण किया गया था। तब उनके द्वारा पुलिया का शीघ्र ही सम्पूर्ण रूप से दुरुस्तीकरण कार्य करवाने की बात भी कही गई थी। निरीक्षण के लगभग सात माह बाद अब बड़ी पुलिया की निचली सतह की दुरुस्तीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ है। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ झेडबी मिर्जा ने बताया कि पुलिया की निचली सतह में सरिए निकल रहे थे जिनकी दुरुस्तीकरण का कार्य लगभग 4 लाख रुपये की लागत से करवाया जा रहा है।

# व्यय प्रेक्षक ने बुधनी एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18-विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक महुल भारत जैन (आईआरएस) ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत बुदनी स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार का अवैध मादक द्रव्यों, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन नहीं होने दें तथा निगरानी रखने जाने के लिए प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**खबर संक्षेप**

## श्री कष्टभंजन खेड़ापति सरकार का दिव्य श्रृंगार कर लगाया छप्पन भोग



**देवास।** हनुमान जन्मोत्सव के महापर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ठिकाना शिवगढ़ (जलालखेड़ी) में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर पुजारी प्रेम कुमार वैष्णव द्वारा बाबा श्री कष्टभंजन खेड़ापति सरकार का दिव्य श्रृंगार कर पाठ किया गया। तत्पश्चात भक्तजनों की उपस्थिति में महाआरती की गई। विशेष आकर्षण का केंद्र बाबा का दिव्य श्रृंगार रहा, जिसमें माँ अंजना बाबा के बाल स्वरूप में लाड लड़ाते हुए दिख रही है। प्रातः काल से भक्तों को तांता मंदिर में लगा रहा। रात्रि में आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**देवास।** सेवा भारती द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत सेवा भारती जिला संघ चालक विमल अग्रवाल, सह सचिव राहुल जायसवाल, राखी द्विवेदी, अनु द्विवेदी, जिला सेवा प्रमुख डॉ. अश्विन दुबे, विनोद जाट आदि ने एक्रोपोलिस कॉलेज के विद्यार्थियों के माध्यम से सामाजिक सर्वेक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए आगामी लोकसभा में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर बडी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## देवास में पायलट की चुनावी सभा आज

**देवास।** कांग्रेस के युवा नेता सचिन पायलट 25 अप्रैल को देवास आएंगे। पायलट जिले के गुर्जर बहुल क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सभा को सम्बोधित करेंगे। पायलट देवास लोकसभा की सोनकच्छ विधानसभा के बालोन में जनसभा को संबोधित करेंगे। पायलट दोपहर 3.30 बजे करीब सोनकच्छ विधानसभा के बालोन पहुंचकर कांग्रेस के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### जिले की पांच बेटियां प्रदेश की प्रावीण्य सूची में, 10वीं की छात्रा जोबिया प्रदेश में दसवें स्थान पर

# प्रदेश में 12वीं की भव्या ने कॉमर्स में नौंवा, साइंस में तनीम ने सातवां, अक्सा ने आठवां, श्यानु ने दसवां स्थान किया प्राप्त







जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60.53 प्रतिशत रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को हाई स्कूल और माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही परीक्षा परिणाम जानने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रदेश सूची में मुकाम पाने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। देवास जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60.53 प्रतिशत रहा। देवास जिले में कक्षा 10वीं में 21 हजार 779 विद्यार्थी शामिल हुए।

जिसमें 13 हजार 065 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। देवास जिले में कक्षा 12वीं में 16 हजार 831 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 10 हजार 187 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।उत्कृष्ट विद्यालय देवास की 10वीं की छात्रा जोबिया शेख ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षा की दिव्यांग प्राविण्य सूची में पराग मेमोरियल कांवेन्ट स्कूल सतवास की छात्रा सानिया राठौर ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में श्री विद्यासागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा भव्या राठी ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 475 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किये है। किंडर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास की छात्रा तनीम बुशरा मंसुरी ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां



स्थान प्राप्त किये है। उत्कृष्ट विद्यालय देवास की छात्रा अक्सा खान ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 480 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किये है। जी.एल.टी हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा शानू शर्मा ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वही 12वी में गणित संकाय में जिले की मेरिट लिस्ट में केशवी उपाध्याय ने पहला स्थान हासिल किया।

केशवी ने 500 में से 477 अंक अर्जित किए। केशवी आईआईटी कॉलेज से अपनी आगे की पढ़ाई कर सिविल सेवा में जाना चाहती है। कक्षा बारहवीं जीव विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट विद्यालय देवास की अक्सा खान ने 480 अंकों के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया है। आठवीं रैंक हासिल करने वाली अक्सा के













पिता अब्दुल हामिद खान पेशे से ड्राइवर हैं। वो देवास में ही एक एडवोकेट की कार चलाते हैं। अक्सा नीट की तैयारी करके डाक्टर बनना चाहती हैं। अक्सा ने कहा कि मेरे पापा ड्राइवर हैं लेकिन उन्होंने कभी भी किसी भी चीज के लिए मुझ पर प्रेशर नहीं डाला। हमेशा मेरा सपोर्ट किया। कभी उन्होंने मुझे कभी किसी भी तरह की कमी महसूस नहीं होनी दी।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया गया समापन अग्निशमन विषय पर आयोजित की गई कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई अग्निशमन शाखा बीएनपी देवास द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन 20 अप्रैल को के.औ.सु.ब. इकाई परेड ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस महापात्र, मुख्य महाप्रबंधक, बीएनपी देवास, महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्र, के.जी.सोमवंशी, सहायक कमाण्डेन्ट अग्नि, केऔसुब इकाई बीएनपी देवास और संयंत्र के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण, के.औ.सु.ब. के अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान संयंत्र तथा संयंत्र के बाहर अल्पावधि में भी विभिन्न तरीकों से विभिन्न स्थानों पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन कर अग्निशमन व बचाव के प्रति जागरूकता हेतु पूर्वनियोजित तथा तय शुदा कार्यक्रम के.औ.सु.ब. अग्निशमन शाखा के द्वारा संचालित किये गये। मुख्यतः बीएनपी ट्रेनिंग हॉल, केऔसुब इकाई लाईन मनोरंजन कक्ष, केन्द्रीय विद्यालय तथा शासकीय माध्यमिक स्कूल बीएनपी इत्यादि स्थानों पर प्राथमिक अग्निशमन विषय पर कक्षाएं आयोजित की गई। महिलाओं व बच्चों में जागरूकता हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा चित्रकारी व लेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं संयंत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों में जागरूकता हेतु बेसिक फायर फाईटिंग ट्रेनिंग, होज एवं अग्निशमन उपकरणों को उपयोग करने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पर निरीक्षक अग्नि ब्रजभान कुर्मी के नेतृत्व में केऔसुसब अग्निशमन शाखा के बल सदस्यों शानदार फायर डेमों का प्रर्दशन किया गया। समारोह के अंत में अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन निरीक्षक अग्नि ब्रजभान कुर्मी के द्वारा किया।

# पीएम श्री विद्यालय में हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा





पीएम. श्री.शा.उ.मा.वि कमलापुर में मंगलवार को प्राचार्य अनंत नागर एवं वरिष्ठ शिक्षक मनोहर सिंह राजावत के निर्देशन में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत स्टैण्डर्ड क्लब के सभी विद्यार्थियों के लिए तृतीय गतिविधि निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर किया गया। मानक क्लब के मेंटर अंकित कुमार चौधरी द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के महत्व एवं सड़क यातायात सुरक्षा प्रबंध प्रणाली विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा की गई।

तत्पश्चात क्लब सदस्यों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कक्षा 12वी के निकुंज राव रहे, द्वितीय स्थान कक्षा 10वी की रौनक चौहान ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर कक्षा 10वी के अजय बागवान रहे। सभी विजेताओ को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र, स्टेशनरी किट के साथ नगद राशि शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी शिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी किट भेंट कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेश चंद्र बिंजवा, सीताराम मालवीय,पंकज पाटीदार, दीपक बाघेला, रत्नेश पारधी, राहुल गौरव, महेंद्र सिसोदिया, अश्विन वैष्णव एवं समस्त स्टाफ ने अपना विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार पंकज पाटीदार द्वारा किया गया।

### मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियां

# जागरुकता के तहत निकली साइकिल रैली, चलाया हस्ताक्षर अभियान






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में देवास जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिलाधीश ऋषव गुप्ता के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में नगरीय स्वीप प्रभारी स्मिता रावल के संयोजन में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली प्रातः 8 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, घंटाघर, शालिनी रोड, नयापुरा, नाहर दरवाजा, भोपाल चौराहा, बस स्टैंड, उज्जैन तिराहा होते हुए पुनः सयाजी द्वार पर समाप्त हुई । रैली का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने स्वयं साइकिल चलाकर किया। रैली में देवास साइकिल एसोसिएशन, रोटरी क्लब, विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी और खिलाडियों, उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी चिमनाबाई, महारानी राधाबाई, ना.वि.मं. क्र. 1 के छात्र छात्राएं और शिक्षकों के अतिरिक्त निजी विद्यालयों के छात्र छात्राएं और शिक्षक भी सम्मिलित हुए। साइकिल रैली को प्रभावी बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी, प्राचार्यगण सुधीर सोमानी और रूचि व्यास सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। रैली प्रारंभ होने के पूर्व सीईओ हिमांशु प्रजापति ने सभी प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलाई। रैली में जावेद पठान युवा समन्वयक खेल विभाग, अभिमन्यु यादव खेल अधिकारी शिक्षा विभाग, आदिल पठान, मिर्जा मुशाहिद बेग, संतोष वर्मा तथा स्वीप दल सदस्य डॉ. रजनीश पोरवाल और प्रसून पंड्या का विशेष सहयोग रहा। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चला कर अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शा. उ. मा. वि. सतवास के रेडक्रास दल द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रेडक्रास दल के छात्र-छात्राओं ने सतवास नगर के मुख्य मार्ग एवं गलियों में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ₹सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो₹ जैसे नारे लगाए। इस दौरान मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव, हुआ भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

श्याम नगर स्थित श्री मंशापुरण धाम पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पं मोहनलाल शुक्ला ने बताया कि एक दिन पूर्व से अखण्ड रामायण परायण प्रारंभ हुआ। मंगलवार हनुमानजी के जन्म पश्चात पंचगव्य अभिषेक कर श्रृंगार किया। साथ ही रामायण पूर्णाहुति हवन पूजन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। सभी भक्तों ने हवन में आहुतियां प्रदान कर नगर की खुशहाली व परिवार पर कृपा दृष्टि की प्रार्थना की, साथ ही कन्या भोजन कराया गया। इस अवसर श्याम नगर निवासी राहुल लुनिया ने बाबा के आशीर्वाद से पुत्र रत्न प्राप्ति पर बालक का लड्डू से तुलादान किया।इस अवसर पर राधेश्याम सौलंकी, राजेश पंचोली, विनोद पाटीदार, सुजल गोंड,ऋषभ दायना कृष सारदीया आदि का विषेश योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## सीएम राइज मनुबेन में अंक सूची पाकर खुशी से खूब थिरके बच्चे



**सीहोर।** सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र छात्राएं बार्षिक परीक्षा की अंक सूची पाकर हर्षित हुए। दोनों ही कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाकर छात्राओं ने बाजी मारी तथा विधालय का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा । प्राचार्य दीपसिंह राठौर एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में प्राथमिक विभाग में बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ जिसमें पालकों के साथ बच्चों की प्रगति, प्रयास अभ्यास पुस्तिका एवं आंकलन पर संवाद व विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही साथ पालकों को भी सम्मानित किया गयाआज कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया जो क्रमशः 86 व 80 प्रतिशत रहा।

## छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आवेदन 30 तक

**सीहोर ।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए एमपी टास्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन करने से वंचित न रहें।

### अधिकारी और ठेकेदारों की लापरवाही की सजा भुगत रहे नागरिक

# 18 करोड़ से ज्यादा की कोठरी में योजना अब तक न तो नल लगे न ही जल मिला

कोठरी की नल जल योजना चढ़ी भ्रस्टाचार की भेंट। कामचोर ठेकेदार पर कब होगी सख्त कार्यवाही? आक्रोशित नगरवासी, प्रशासन कब कसेगा ठेकेदार पर कानूनी शिकंजा इस तरह की लापरवाही करने पर?





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

कोठरी में इन दिनों गर्मी की तपिश से लोगों के बुरे हाल हैं, ऐसे में पानी की बूंद बूंद के लिए मोहताज हैं नगर वासी, सरकार की महत्वपूर्ण नल जल योजना सिर्फ कागजों में इस आष्टा तहसील में संचालित हो रही है, लोगों का कहना है आष्टा विधानसभा के ग्राम पंचायत में भी यही हाल है कोठरी नगर के कई वार्ड ऐसे हैं जहां के नागरिक आज भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, हकीकत ठीक अपनी कहानी बयां कर रही है, नगर परिषद कोठरी की स्थापना 2009 में की गई, इसके बाद कई जनप्रतिनिधि आए और चले गए पर नल जल योजना की समस्या हल नहीं हो पाई, कोठरी के ग्राम पंचायत के समय से नल जल योजना चल रही है उसमें कई जगह पर आ रहा है पानी और कई जगह पर नहीं, उसके पश्चात 2017 में 18 करोड़ से ज्यादा की लागत की नल जल योजना प्राप्त हुई जिसको 2019 में हर घर में नल से जल पहुंचना था पर 6 साल से ज्यादा होने को आए अभी तक नल जल योजना का ठेकेदार रियान वाटर टैंक की घटिया कार्य शैली एवं कामचोरी के कारण बदहाल स्थिति में चल रही है, ग्राम को नगर तो बना दिया पर सुविधा से अभी भी वंचित है।

### लापरवाही जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार की, भुगत रहे नागरिक

जब भी नल जल योजना की बात की जाती है तो मन में एक सुंदर तस्वीर शुद्ध पेयजल की निकाल कर सामने आती है, लेकिन एमपी यूडीसी के अंतर्गत रियान वॉटर टैंक के ठेकेदार और अधिकारियों की साठगांठ और लापरवाही के कारण आज तक यह योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है, नगर वासियों को रोजाना शुद्ध पेयजल के लिए कई किलोमीटर का सफर तय कर रहे हैं, रोजमर्रा की जरूरत के लिए या तो यह लोग साइकिल पर कुप्पे लादकर दूर दराज से या तो ट्यूबवेल का या फिर किसी कुएं से पानी लेकर अपने घर तक आते हैं, कई जगह तो पानी भरने के लिए लंबी कतारें भी लग जाती है, नल जल योजना होने के बावजूद जल संकट किस कदर गहराया हुआ है यह तो जिस पर बीती है वही जानता है पर जिम्मेदार तो अपनी जिम्मेदारी से दूर भागते हुए ही नजर आते हैं।

### पठार पर पानी की बहुत ज्याद समस्या



अरविंद वर्मा ने बताया की पठार पर पानी की बहुत ज्याद समस्या आ रही है ग्राम पंचायत के जमाने से चली आ रही नल जल योजना एक दिन छोड़कर नल आता है, लोगों की लंबी-लंबी कतारे बर्तन रखकर लग जाती है और कई जगह तो बूंद बूंद करके पानी आता है तो छोटे बर्तन से भरना पड़ता है पानी की बहुत ज्यादा समस्या है।

### दूर खेत पर से लेकर आना पड़ता है पानी

वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि पानी की बहुत ज्यादा समस्या है दूर खेत खलियान पर से साइकिल पर कुप्पे टांग कर लेकर आना पड़ता है हमारा वार्ड नगर अध्यक्ष का ही वार्ड है फिर भी पानी की समस्या आ रही है जब नगर अध्यक्ष के वार्ड में ही पानी की समस्या आएगी तो अन्य वार्डो के क्या हाल होंगे? ठेकेदार की लापरवाही के कारण नगर में एमपी यूडीसी के ठेकेदार रियान वॉटर टैंक के द्वारा काम चल रहा है जिसकी निगरानी टाटा कंसलटेंसी के विदोष प्रधान देख रहे है जब इन से बात की गईं तो इनका कहना है, मेरा काम तो देखरेख का है समय अवधि में ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया गया तो ठेकेदार की लापरवाही है जल्द ही लोगों को नल से जल मिले इसके लिए लगातार प्रयास जारी है।


18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में लगा लापरवाही का ग्रहण

जल संकट से जूझ रहे लोग, 6 साल के इंतजार के बाद भी नहीं आया नल से जल

आखिर किसके संरक्षण मे रियान वॉटर टैंक पर नही हो रही कार्यवाही? ठेकेदार नही प्रशासन से सांठ गांठ कर रखी होगी इसीलिए नही हो रही है कोई ठोस कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

### ठेकेदार पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई



पूर्व नगर अध्यक्ष रुपेश पटेल जो कि तत्कालीन नगर अध्यक्ष थे उनसे बात की गई तो उनका कहना है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करके सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। 2017 से प्रारंभ हुई योजना को 2019 में नगर के हर घर में पानी देना था पर लापरवाही के कारण नगर वासियों को पानी नहीं दे पाए। ऐसे ठेकेदार को तो जो जनता के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए ऐसे ठेकेदार पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

### वादे पर वादे कर रहा ठेकेदार



नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति से जब बात की गई तो उनका कहना है कि लगातार ठेकेदार और उनके कर्मचारियों से हमारी तरफ से बोला गया कई बार उच्च अधिकारियों तक लिखित शिकायत भी की गई पर रियान वाटर टैंक का ठेकेदार के कर्मचारी वादे पर वादे करते जा रहे हैं पर काम नहीं कर रहे हैं।

# मृतक के भाई और पिता ने हत्या का लगाया आरोप

**परिजनों ने एसपी को दिया ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

पिछले दिनों लसुलड़िया विजयसिंह हर्राजखेड़ी मार्ग पर जो एक शव मिला था, जिसकी पहचान कैलाश मालवीय निवासी डोराबाद के रूप में होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई थी। पुलिस ने मौके पर मिले शव को देखने के बाद प्रथमदृष्टया उसकी मौत एक्सीडेंट में होना संभावित माना था। मर्ग कायम कर उसकी जांच शुरू की गई। अब इस मामले में मृतक के भाई कुमेरसिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक से मिल कर एक ज्ञापन सौपा।

मांग की गई कि मृतक कैलाश मालवीय की मौत पुलिस एक्सीडेंट में होना बता रही है वो सही नही है। मृतक के भाई कुमेरसिंह मालवीय व उसके पिता मूलचंद मालवीय का कहना है की हमे शंका है कि उसकी हत्या की गई है। शंका में परिजनों ने एसपी को सौपे ज्ञापन में कुछ नामो का भी उल्लेख किया है। मृतक के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने बताया की मृतक मेरे भाई का घटना के एक सप्ताह पूर्व उसका मालीखेड़ी के एक व्यक्ति से विवाद हुआ था तथा 6 अप्रैल को सुबाह मेरा भाई मृतक कैलाश मजदूरी पर उसी के साथ ही गया था। 7 अप्रैल को सुबाह पुलिस ने हमे सूचना दी कि कैलाश मालवीय का शव लसुलड़यिा विजयसिंह हर्राजखेड़ी मार्ग पर मिला ।मृतक कैलाश मालवीय के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने एसपी को की शिकायत में हत्या की जो शंका जाहिर की उसके पीछे जो कारण हो सकते है उसका भी खुलासा किया है। पीड़ित पक्ष का खुला आरोप है कि कैलाश मालवीय की हत्या को एक्सीडेंट का रूप दिया गया है।

उनका कहना है कि मृतक का जो शव घटना स्थल पर पड़ा मिला जिसके फोटो भी पुलिस ने जारी किये उसमें मृतक के दोनों हाथ सिर के नीचे है। क्या एक्सीडेंट में दोनों हाथ सिर के नीचे आ सकते है। घटना को दुर्घटना में बदला गया है। आष्टा पुलिस इसको मानने को ही तैयार नही है। मृतक कैलाश मालवीय के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मेरे भाई की मौत एक्सीडेंट से नही हुई है, हमे शंका है उसकी हत्या की गई है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## आचार्यश्री रामलाल महाराज के जन्मदिन पर महावीर भवन स्थानक में हुए नवकार मंत्र के जाप

**आष्टा।** हुक्म संघ के नवम पट्टधर, युग निर्माता, परमागम रहस्य ज्ञाता, परम पूज्य आचार्य भगवन्‍ 1008 श्री रामलालजी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे प्रातः 9 से 10 बजे तक महावीर भवन स्थानक गंज आष्टा में नवकार महामंत्र जाप, रमेश चालीसा,भजन के साथ-साथ गुणानुवाद सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं साधुमार्गी परिवार आष्टा ने श्रीसंघ के सभी श्रावक श्राविकाओं की उपस्तिथि में प्रातः नवकार महामंत्र के जाप के साथ रमेश चालीसा का पाठ किया। श्रावक श्री चांदमल जी सुराना ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। गुणानुवाद सभा मे पधारे सभी श्रावक श्राविकाओं को गुरुभक्त परिवार श्री अशोक कुमार रिलेश-मनोज बोथरा परिवार की ओर से प्रभावना वितरित की गई।

# रूद्रावतार पातालेश्वर हनुमान मंदिर, बालाजी धाम पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, जगह-जगह हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

राम भक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मंगलवार को श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्राचीन रुद्रावतार हनुमान बालाजी धाम मंदिर को आकर्षक रुप से फूलो एवं फलो से सजाया गया। हनुमानजी के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को सुबह से हीं भक्तों की भीड़ लगना प्रारम्भ हो गई। इस अवसर पर बालाजी धाम मंदिर में सुन्दर काण्डपाठ का आयोजन भी किया गया। विशेष पूजा अर्चना की गई।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हिन्दु उत्सव समिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया चल समारोह से पूर्व श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती की गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा हनुमानजी के भजन गाते हुवे बेंड-बाजो व ढोल-ढ़माको के साथ चल रहे थे। चल समारोह का नगर के माहेष्वरी समाज, जैन समाज सहित धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो एवं नगरवासियों ने स्वागत कर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। चल समारोह नगर के गांधीचौक, महावीर मार्ग, माताचौक, गंजपुरा, नीमबाखल होता हुआ श्री बालाजी धाम खेडापति हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पर मंदिर निर्माण समिति द्वारा चल समारोह का फुलो की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बालाजी धाम खेडापति हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन रखा। भंडारे में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र कें श्रद्धलुओं नें महाप्रसादी ग्रहण की। जावर जोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर मेहतवाड़ा, मन्शापूर्ण हनुमान मंदिर बजाहुड़ा छायन मैना, मुरावर, बमुलिया रायमल, कजलास, खजुरिया, बरछापुरा, हालियाखेडी स्थित हनुमान मंदिर आदि स्थानो पर भी मंदिर समितियों द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया जो शाम तक चलता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्राचीन रुद्रावतार हनुमान बालाजी धाम मंदिर पर भजन गायक एवं कलाकार साथियों द्वारा जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना कहते है लोग इसे राम का दिवाना, लाल लंगोटो हाथ में सोटो, तेरी जय हो पवन कुमार आदि भजनो की शानदार प्रस्तुति नें उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उनकी प्रस्तुति पर भक्तगण भी झुम उठे। बालाजी धाम निर्माण समिति अध्यक्ष तेजसिंह ठाकुर एव समिति के सदस्यो नें हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम की सफलताओं के लिए नगर सहित क्षेत्रीय लोगों एवं पुलिस प्रषासन का आभार माना।

# नगर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्स









हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी और यह क्रम दिनभर मंदिरो में जारी रहा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर के मंदिरो में धार्मिक आयोजन भी किए गए। कही महाआरती का आयोजन हुआ तो तो कही भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर मंदिरो में विशेष साज सज्जा भी की गई। इस दौरान शहर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह महाआरती की गई और विशेष रुप से हनुमान प्रतीमा का श्रग्रार किया गया। जिसमें माता अंजनी हनुमान लला को फल खिलाती हुई नजर आईं जो आकर्षण का केंद्र रही। वही फीर दिनभर खेड़ापति हनुमान मंदिर, हरदौल लाला बाग बजरंग कालोनी, कृषि ऊपज मंडी में भंडारे का आयोजन किया गया।

### खाचरोद सहित आस-पास के गांव के हनुमान मंदिरों में हुए आयोजन

# आष्टा के पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा/खाचरोद

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोल गांव, छापर लसूडिया विजय सिंह, कन्नौज शिवजी, बरघाटी, रामपुर, नौगांव, बापचा आदि गांव में हनुमान मंदिर व राम मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाए गए। जहां हवन पूजन व आरती का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम खाचरोद में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे गांव में बैंड बाजों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ग्राम वासियों ने पूरे उत्सव से भाग लिया। वहीं हनुमान मंदिर पर पूरे विधि विधान से हवन पूजन सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की।

### चल समारोह का किया स्वागत

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर सकल हिन्दू समाज ने चल समारोह का स्वागत किया। श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर चल समारोह गल्ला मंडी आष्टा पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर आष्टा के मुख्य मार्गों से घोड़े, बग्गी व उज्जैन के झांज मंडलियों द्वारा निकाला गया। चार बत्ती चौराहे पर सकल समाज के अध्यक्षों ने गुरुदेव का तिलक लगाकर, श्री फल भेंटकर साफा बांधकर का स्वागत किया। इस अवसर पर सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मनीष डोंगरे, राजीव गुप्ता, निर्मल बैरागी, महेश जाट, ज्ञान सिंह जायसवाल इत्यादि अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर राष्ट्रीय सचिव व मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रभारी महावीर गुर्जर और रितु बराला का भोपाल जाते समय अल्प समय के लिए आष्टा रूके। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने तीनों राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया।

साथ ही आगामी रणनीति पर चर्चा की। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने लोकसभा चुनाव में सभी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए। प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर और रितु बराला ने छात्र छात्राओं के बीच सक्रिय रहने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को संगठन में विधानसभा एवं जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने की बात भी कहीं। इस दौरान विजय सोलंकी, राहुल पटारिया, देवराज मालवीय, आशुतोष नामदेव, शुभम कुशवाह, नरेंद्र सवारियां, सुनील सोलंकी, आशुतोष सिंदल, रोहित, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

### टैक्स चोरी कर बाहर ही उपज खरीद रहे गल्ला व्यापारी

# जितनी तनख्वाह बंट रही, राजगढ़ की मंडी उतनी कमाई भी नहीं कर पा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कहने तो राजगढ़ मुख्यालय पर खुजनेर की उपमंडी है और मंडी बोर्ड ने बाकायदा यहां बड़ा परिसर बनवाते हुए अपने कर्मचारियों को तैनात करवा रखा है। लेकिन, आलम यह है कि जितने कर्मचारी यहां पदस्थ हैं उनकी सेलरी के बराबर भी आमदनी राजगढ़ उप-मंडी नहीं कर पा रही है।

दरअसल, मंडी में आने वाला सारा माल मंडी के बाहर ही राजगढ़ के व्यापारी बगैर टैक्स चुकाए ही खरीद रहे हैं। राजगढ़ के कई गल्ला व्यापारी प्रतिदिन हजारों रुपए का गेहूं सहित अन्य माल खरीद रहे हैं। अगर वे नियमानुसार मंडी में उपज क्रय करें तो उन्हें 100 रुपए की खरीदी पर 1 रुपए 20 पैसे का शुल्क मंडीबोर्ड को चुकाना होगा। इसी शुल्क को बचाने के लिए कई व्यापारी नियम विरुद्ध तरीके से बाहर ही लाखों का माल खरीद रहे हैं। राजगढ़ मंडी में 07 व्यापारी पंजीबद्ध है लेकिन सिर्फ नाम के लिए उन्होंने पंजीयन करवाया हुआ है। सभी के द्वारा बाहर ही टैक्स चोरी करते हुए फसलें खरीदी जा रही हैं।



### अधिकारी भी नहीं कर रहे कार्रवाई

वर्तमान में राजगढ़ मंडी प्रभार प्रषासक के हाथों में है। अगर प्रषासक चाहे तो मुख्यालय पर बगैर टैक्स चुकाए हो रही खरीदी को बंद करवा सकते हैं लेकिन शासन को राजस्व का चूना लगाने वाले किसी भी व्यापारी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं देखी गई है। सूत्रों के अनुसार इन व्यापारियों से मंडी के कुछ जिम्मेदारों की सांठगांठ के चलते खुलेआम यह टैक्सचोरी हो रही है।

#### कालीपीठ जैसी ग्रामीण मंडी दे रही राजस्व

राजगढ़ से कुछ ही किमी दूर स्थित छोटे से गांव की कालीपीठ की उपमंडी में प्रतिदिन अनेकों किसान अपनी उपज बेचने पहुंच रहे हैं। इस अप्रेल माह में ही टैक्स के जरिए मंडी बोर्ड को हजारों रुपए की आमदनी कालीपीठ मंडी करके दे चुकी है। मुख्यालय पर मंडी होने के बावजूद यहां खरीदी न होना कहीं न कहीं मंडी कर्मचारियों की व्यापारियों से सांठगांठ की ओर इषार कर रहा है।

कुछ किसानों ने बताया कि जब बाहर ही उनकी उपज की खरीदी हो रही है और बगैर परेषानी के कुछ ही समय में नकद पैसे मिल रहे है तो फिर वे मंडी में जाकर क्या करेंगे। सीधा-सीधा अर्थ है कि यदि नगर के विभिन्न स्थानों पर दुकानें लगाकर गेहूं व अन्य उपज की खरीदी कर रहे व्यापारियों पर अंकुष लगा दिया जाए तो राजगढ उपमंडी सुचारू रूप से संचालित हो सकती है।

**देखता हूं**

अभी चुनावी व्यस्तता है फिर भी मैं मंडी सचिव को बोलकर बाहर उपज खरीद रहे गल्ला व्यापारियों पर कार्रवाई करवाता हूं।

**गुलाब सिंह बघेल,**
**प्रशासक, उपमंडी, राजगढ़**

#### धूमधाम के साथ हनुमान जन्मोत्सव पर निकाला चल समारोह

ब्यावरा। नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर परंपरा के अनुसार हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य चल समारोह निकाला। चल समारोह की तैयारियों को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया था। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि भव्य चल समारोह श्री हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से निकाला गया, जिसका जिसका समापन चिंताहरण मंदिर पर हुआ। चल समारोह परंपरा के अनुसार स्थानीय ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्ग मार्गों से होता हुआ चिंताहरण मंदिर पहुंचा, जहां महाआरती के बाद समापन हुआ। चल समारोह ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से शुरू होकर सुठालिया रोड, मेन बाजार, अहिंसा द्वार और मेन रोड होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा। मंदिर पर महाआरती की गई। चल समारोह में भगवान श्री राम दरबार की आकर्षक झांकी सजाई गई।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू मौके पर मिला है सुसाइड नोट

## मां बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या घर में फांसी से लटके मिले शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

नगर के शिवाजी नगर में मां-बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। दोनों के शव घर की तीसरी मंजिल पर कमरे में मिले हैं। बेटा पटवारी भर्ती परीक्षा क्लीयर करने के बाद ट्रेनिंग पर था। मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें क्या लिखा है, पुलिस ने फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया है।

सिटी पुलिजस के अनुसार शिवाजी मार्ग पर तीन मंजिला मकान में दिलीप सोनी और उनके छोटे भाई हेमंत सोनी के परिवार रहता था। दोनों भाई चांदी के गहनों का कार्य करते हैं मंगलवार सुबह मकान की तीसरी मंजिल पर हेमंत के इकलौते बेटे हरिओम पिता हेमंत सोनी उम्र 22 साल और उसकी मां रीता पत्नि हेमंत सोनी उम्र 50 साल के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी वीरेंद्रसिंह धाकड़ ने बताया कि बड़े भाई दिलीप की पत्नी कपड़े उठाने के लिए दोपहर में छत पर गई। सीढ़ियों से गुजरने के दौरान रोशनदान से दो रस्सियां लटकती दिखीं। उसने कमरे में झांका तो मां-बेटे के शव फांसी से लटकते दिखे। उसने आवाज देकर परिजन को बुलाया। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। मकान के प्रथम तल पर संयुक्त दुकान में काम करते हैं। दूसरी और तीसरी मंजिल पर दोनों भाइयों का संयुक्त परिवार रहता है। प्राथमिक तौर पर पारिवारिक विवाद का मामला दिख रहा है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## अरुण सक्सेना को मानद उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

वरिष्ठ समाजशास्त्री और स्वास्थ्य जागरूकता एवम पत्रकारिता में उत्कृष्ठ कार्यों के लिए अरुण सक्सेना को पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। भोपाल में 24 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे एक कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया। गौरतलब है कि पत्रकार अरुण सक्सेना को यह सम्मान उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यो हिंदी पत्रकारिता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किये गए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किये गए शोध कार्यो, सामाजिक कार्यो के लिए विद्यापीठ की प्रबन्ध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्रदान किया गयाा। गौरतलब है की सक्सेना ने इसके पूर्व एमफिल हेतु अपने शोध प्रबंध विषय- अनुसूचित जाति कन्या शिक्षा के प्रति उनके अविभावको का दृष्टिकोण विषय पर अपना लघुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, जिसे सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया गया था। गौरतलब है कि विधावाचस्पति सारस्वत सम्मान की उपाधि डॉक्टरेट के समकक्ष मानी गई है। सक्सेना की इस उपलब्धि पर बधाई माता-पिता, पत्नी, बच्चों सहित परिजनों ने बधाई दी है।

### गत वर्ष के परिणामों से उम्दा रहा इस साल का रिजल्ट

## कक्षा 5वीं का 93.36 तो 8वीं का 91.81 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम




हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस बार बोर्ड पैटर्न पर करवाई गई कक्षा आठवीं और कक्षा पांचवीं की परीक्षा के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। जिला परियोजना समन्वयक(डीपीसी) आर.के. यादव ने बताया कि कक्षा पांचवीं का कुल परीक्षा परिणाम 93.36 वहीं कक्षा आठवीं का परिणाम 91.91 प्रतिषत रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले देखा जाए तो इस साल के रिजल्ट में काफी सुधार हुआ है। पिछले साल कक्षा पाचवीं का रिजल्ट महज 63 प्रतिषत एवं आठवीं का 62.8 प्रतिषत पर ही सिमटकर रह गया था। कक्षा पांचवी की परीक्षा देने वाले कुल 25373 बच्चों में से 3033 बच्चे फेल हुए हैं वहीं कक्षा आठवीं के कुल दर्ज 25440 परीक्षार्थियों में से 3515 अनुतीर्ण रहे।

#### कक्षा आठवीं की यह रही स्थिति

कक्षा आठवीं में इस साल कुल 25440 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिनमें से 23357 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 1160 बच्चों को ए-प्लस रैंक मिली है। इसके साथ ही ए-रैंक पाने वाले बच्चों में 7074 बच्चे शामिल हैं।

#### कक्षा पांचवीं की यह रही स्थिति

कक्षा पांचवीं में इस साल कुल 27177 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिनमें से 25373 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 925 बच्चों को ए-प्लस रैंक मिली है वहींए-रैंक पाने वाले बच्चों में 6341 बच्चे शामिल हैं।

### हनुमान मंदिरों में पूरे दिन चले धार्मिक अनुष्ठान

## 'राम के दास' के जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल-समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

भगवान राम के अनन्य भक्त वीर हनुमान का जन्मोत्सव नगर सहित पूरे जिले में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांठ पाठ इत्यादि के आयोजन चलते देखे गए। सभी मंदिरों में हनुमान भक्तों के द्वारा विशेष आकर्षक साज-सज्जा जन्मोत्सव के तहत करवाई गई। इसी कड़ी में नगर के धर्मप्रेमी एवं प्रबुद्धजनों सहित युवाओं की टोली व नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से परंपरागत चल-समारोह का आयोजन करवाया गया। स्थानीय मनकामनेष्वर मंदिर से पूजा-अर्चना के उपरान्त आरंभ हुआ चल-समारोह नाका नंबर-3, मेन मार्केट, सोल्डर क्लब, जय स्तंभ, किला, बड़ चैक, पुराने बस स्टैंड होता हुआ काषीपुरा क्षेत्र क्षेत्र बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां आरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

चल-समारोह का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, प्रतिष्टान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा एवं शीतल पेय इत्यादि पिलवाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## 11 मई को नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की वार्षिक कार्ययोजना के परिपालन में तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिसका आयोजन 11 मई को प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष राजीव कर्महे के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगीराज पाण्डेय के समन्वय से जिला राजगढ़ न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में किया जाना है। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ द्वारा जिला एवं तहसील न्यायालय स्तर पर नेशनल लोक अदालत सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं, इसी क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगीराज पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में जिला एडीआर सेंटर राजगढ़ में 18 अप्रैल को न्यायिक अधिकारी राजेश कुमार देवलिया के मुख्य आथित्य में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ तथा 19 अप्रैल को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ के मुख्य आथित्य में समस्त बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ द्वारा आगामी 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मामलों को सुलह-समझौते की कार्यवाही के माध्यम से सुलझाये जाने व विभागों द्वारा प्रदान नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली विशेष छूट प्रदान हेतु अपने विचार व्यक्त किये ताकि, आमजनों के मामलों का निराकरण सरलता, शीघ्रता से हो सके तथा आपसी सदभाव व भाईचारा बना रहे।

### लंबित आवेदनों की समीक्षाः मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं दुरस्त रखने के निर्देश

**चुनावी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

# सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग सूची में विदिशा प्रदेश में तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की जिलों की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला तीसरे स्थान पर है। कलेक्टर ने कहा कि इस स्पीड को बनाए रखें ताकि विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल आए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम व खंड स्तरीय अधिकारी भी आवेदनों के निराकरण मामले में ऐसी ही गंभीरता बरतेंगे ताकि रैंकिंग सूची में किसी भी प्रकार से जिले की रैंकिंग में गिरावट न हो। उन्होंने कहा की सीहोर जिला लगातार अव्वल स्थान पर बना है। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान पीएम जनमन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर मतदान केन्द्र पर बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की जानी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मतदानकर्मियों को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में निर्धारित तिथियों की जानकारियां दी गई। बताया गया कि सभी विभागों के अधिकारियों को प्रमाण पत्र देना होगा कि हमारे घर, परिवार सहित अन्य रिश्तेदार लोकसभा चुनाव में अभ्यर्थी नहीं है।



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य।

#### बिजली विहीन मतदान केंद्रों पर दो दिन में बिजली व्यवस्था करने के निर्देश दिए

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर बिजली की व्यवस्था होना चाहिए। ऐसे मतदान केंद्र जहां अभी तक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है उन मतदान केंद्रों के लिए प्राथमिकता से बिजली के अस्थायी कनेक्शन की प्रक्रिया दो दिन में पूरी की जाए। हर मतदान केंद्र पर दो-दो चार्जेबल बल्व भी लगाए जाने हैं। कलेक्टर ने डीपीसी को निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी भवनों व अन्य विभागों के भवनों में स्थापित मतदान केंद्र में तमाम व्यवस्थाएं पूरी कराए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपार्जन कार्यो की भी समीक्षा की गई।

#### बोरवेल का गड्ढा खुला होने की सूचना देने पर दिया जाएगा इनाम

कलेक्टर ने जिले में कहीं भी खुला बोरवेल पाए जाने पर सूचनाकर्ता को नकद इनाम राशि देने के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि इनाम की राशि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत के द्वारा प्रदाय की जाएगी। शहरी निकाय क्षेत्रों में संबंधित बोरवेल कराने वाले से इनाम की राशि वसूल कर सूचनाकर्ताओं को दिलाए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि बोरवेल असफल होने पर भी उसे इस प्रकार से ढका जाए कि किसी भी प्रकार की अनहोनी न होने पाए। इसी प्रकार की प्रक्रिया जल स्त्रोत सूख जाने के कारण, केसिंग पाइप निकालने के कारण निर्मित न हो पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी एसडीएमो व जनपद सीईओ को भी इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### स्वीप गतिविधि में नपा महिला कर्मचारियों ने किया जागरुक

## आधिकाधिक मतदान का लिया संकल्प, बनाई आकर्षक रंगोली




हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

आगामी लोकसभा चुनावों में आधिकाधिक मतदान के लिए जिला निवार्चन कार्यालय सहित अन्य संस्थाओं द्वारा कई प्रयास किए जा रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों, ग्रामों, पंचायतों, चैपालों व अन्य स्थानों पर जागरुकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को 7 मई को अनिवार्य मतदान करने का संकल्प दिलवाया जा रहा है।

इसी कड़ी में नगर स्थित विभिन्न मंदिर समितियों के साथ ही पारायण चैक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में कई महिलाओं द्वारा सशक्त राष्ट्र निर्माण में मतदान का योगदान दर्षाते हुए आकर्षक रंगोली बनाते हुए अनिवार्य मतदान का संकल्प लिया गया। इस दौरान मंदिर आईं अन्य श्रद्धालु महिलाओं से 7 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह नगर पालिका की महिला कर्मचारियों व टीम के द्वारा किया गया। इसके साथ ही सभी से कहा गया कि वे अपने परिजनों, रिष्तेदारों, पड़ोसियों को आधिकाधिक मतदान हेतु प्रेरित करें।

## पाइप लाइन बिछाने खोद रहे सड़कें, ग्रामीण परेशान

**हैदरगढ़।** उप तहसील हैदरगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कस्बे में पीएचई ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए गलियों में आरसीसी की सड़के खोदी जा रही हैं। पीएचई ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया है कि ठेकेदार के कर्मचारी महीने में एक या दो दिन ही काम करते हैं। बाकी अधूरा काम छोड़कर चले जाते हैं। कस्बे में प्रवेश करते ही बस स्टैंड से बुधवारा बाजार की सड़क नल जल योजना के लिए खोदी गई। जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित कार्य न होने की वजह से आए दिन ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जो सड़क खोदी हैं उसमें बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं।